भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 55
सोमवार, 19 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए नियत

"देश में नए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना"

55. श्री नीरज डांगी:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार ने राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्रके उपक्रमों/उद्यमों की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुशल और अकुशल जनशक्ति को देखते हुए उपयुक्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (घ) : चूंकि उद्योग राज्य-क्षेत्र का विषय है, अतः देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में केंद्रीकृत डेटा भारी उद्योग मंत्रालय में नहीं रखा जाता है। भारी उद्योग मंत्रालय ने पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम स्थापित नहीं किया है तथा इस संबंध में फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****